प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 अगस्त 2024

वित्तीय बाजारों में स्व-विनियामक संगठनों (एसआरओ) को मान्यता देने संबंधी ढांचा - आवेदन आमंत्रित करना

स्व-विनियामक संगठनों (एसआरओ) की अपने सदस्यों के बीच अनुपालन संस्कृति को मजबूत करने और नीति निर्माण के लिए परामर्शदात्री मंच उपलब्ध कराने की संभाव्य भूमिका को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज वित्तीय बाजारों में एसआरओ की मान्यता हेतु ढांचा जारी किया है।

2. यह ढांचा 21 मार्च 2024 को 'रिज़र्व बैंक की विनियमित संस्थाओं के लिए स्व-विनियामक संगठनों की मान्यता हेतु बहुप्रयोजनीय ढांचा' पर आधारित है और यह वित्तीय बाजारों में एसआरओ की मान्यता के लिए व्यापक मानदंड, यथा उद्देश्य, उत्तरदायित्व, पात्रता मानदंड, सदस्यता, अभिशासन मानक और आवेदन प्रक्रिया निर्दिष्ट करता है।

3. वित्तीय बाजारों में एसआरओ के रूप में मान्यता चाहने वाली इच्छुक संस्थाएं ई-मेल के माध्यम से अथवा मुख्य महाप्रबंधक, वित्तीय बाजार विनियमन विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, 9वीं मंजिल, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400 001 को अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/926